प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **विधानसभा के बजट सत्र में आज डीएमएफटी फंड को लेकर हुई चर्चा, कांग्रेस विधायक ने प्रभावित क्षेत्र बढ़ाकर 25 किलोमीटर करने की मांग रखी, नेता प्रतिपक्ष ने किया विरोध।**

2. **निर्भया फंड से कोडरमा में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर खर्च होंगे 10 करोड़, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–झारखंड के नौ जिलों में बनेंगे वर्किंग वूमेन हॉस्टल।**

3. **हरियाणा, बिहार और ओडिशा में राज्यसभा की 11 सीटों के लिए मतदान जारी, शाम पांच बजे से होगी मतों की गिनती।**

4. **मेदिनीनगर सिलेंडर ब्लास्ट मामले में पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई, टीओपी–तीन प्रभारी समेत वहां तैनात सभी जवान निलंबित।**

5. **पांचवीं फेडरेशन कप सीनियर कबड्डी के लिए बोकारो और हजारीबाग के दो पदाधिकारी चयनित, कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जारी की सूची।**

****

षष्ठम झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही के दिन आज डीएमएफटी अकाउंट को लेकर सदन में चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने डीएमएफटी एकाउंट की राशि खर्च करने की परिधि बढ़ाकर 25 किलोमीटर करने की मांग रखी।

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दायरा बढ़ाने की मांग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले ही इस फंड का दुरूपयोग हो चुका है, दायरा बढ़ाने से इसे और बढ़ावा मिलेगा।

****

कोडरमा जिले में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए निर्भया फंड से करीब 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें पिंक ऑटो और पिंक बस जैसी योजनाओं के जरिये महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि झारखंड के 9 जिलों में वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाने की योजना भी है।

****

हरियाणा, बिहार और ओडिशा में राज्यसभा की 11 सीटों के लिए मतदान जारी है। मतदान शाम 4 बजे तक होगा, जबकि शाम 5 बजे से मतों की गिनती शुरू की जाएगी। राज्यसभा चुनाव के तहत 10 राज्यों की कुल 37 सीटों में 26 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गये हैं। बिहार में पांच सीटों के लिए मतदान हो रहा है, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं हरियाणा में दो और ओडिशा में चार सीटों के लिए वोटिंग जारी है। परिणाम आज शाम घोषित किए जाएंगे।

****

सिमडेगा में पुलिस ने तीन बच्चियों को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी मुख्यालय रणवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी अमित गुप्ता और स्थानीय महिला देवसनी कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया कि बच्चियों को नौकरी दिलाने के नाम पर सूरत ले जाया जा रहा था।

****

चतरा में लापता छात्र निखिल कुमार की तलाश की मांग को लेकर केशरी चौक पर सड़क जाम करने के मामले में सदर थाने में 19 नामजद और 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों पर सार्वजनिक मार्ग बाधित करने, उपद्रव करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा लोक सेवकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है।

****

मेदिनीनगर के बैरिया में कल हुए गैस सिलेंडर ब्लास्ट मामले में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टीओपी–तीन के प्रभारी समेत वहां तैनात सभी जवानों को निलंबित कर दिया है। वहीं पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार को टीओपी–तीन का नया प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

****

धनबाद में कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। भगाबांध ओपी क्षेत्र के केंदुआडीह बस्ती के पास पुलिस और अपराधियों के बीच हुई गोलीबारी में दो शूटर घायल हो गए, जबकि एक आरोपी भागने के दौरान गिरकर घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अमन सिंह उर्फ कुबेर सिंह प्रिंस खान के सोशल मीडिया से जुड़े ऑडियो और वीडियो वायरल करने का काम करता था।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र स्थित रामचंद्रपुर मैदान में 'कृष्टी दीपा महोत्सव' का आयोजन किया गया। अखंड कोल्हान महोत्सव के रूप में मनाए जा रहे इस आयोजन में झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ–साथ पश्चिम बंगाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मौके पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह महोत्सव भारत की आध्यात्मिक परंपरा को मजबूत करता है।

****

घरेलू शेयर बाजार आज सुबह के कारोबार में लगभग सपाट रहा। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 19 अंक बढ़कर 74 हजार पांच सौ तिरासी पर और निफ्टी 6 अंक हल्की बढ़त के साथ 23 हजार एक सौ सन्तावन पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 71 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसांवा जिले में अगले कुछ घंटों में वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

****

मध्य प्रदेश के सतना में आयोजित होने वाली 5वीं फेडरेशन कप सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बोकारो के तेजनारायण को प्रतियोगिता प्रबंधक और हजारीबाग की राखी को तकनीकी पदाधिकारी के रूप में चयनित किया गया है। यह सूची कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जारी की है। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने दोनों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

****